प्रेस नोट - थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक –21.11.2026

थाना तिलहर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही,

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 20.11.2026 को वादिनी द्वारा थाना तिलहर पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभियुक्त चन्द्रवीर पुत्र जयचन्द्र द्वारा शादी का झांसा देकर वादिनी के साथ शारीरिक संबंध बनाए गए तथा शादी करने के लिए कहने पर अभियुक्त चन्द्रवीर एवं उसके परिवारीजनों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना तिलहर पर मु०अ०सं० 605/26 धारा 69, 352, 351(3) बीएनएस एवं धारा 3(2)(v), 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त चन्द्रवीर पुत्र जयचन्द्र, उम्र 20 वर्ष, नि0 ग्राम भेदपुर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.11.2026 को खानपुर चौराहे के पास से आवश्यक बल प्रयोग करते हुए समय 13:10 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

चन्द्रवीर पुत्र जयचन्द्र निवासी ग्राम भेदपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र 20 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

मु0अ0स0 605/26 धारा 69,352,351(3) बीएनएस व 3(2)(v) व 3(1)द/3(1)ध SC/ST Act थाना तिलहर

गिरफ्तारी का समय व स्थानः-

खानपुर चौराहे के पास समय 13.10 बजे

अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रभाष चन्द्र थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 सौरभ शुक्ला थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3. कां0 अंकित थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
4. कां0 मंयक भाटी थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर